दिग्विजयनाथ स्नातकोत्तर महाविद्यालय
गोरखपुर-273001
(नैक प्रत्यायित 'B++' श्रेणी)

सम्बद्ध

दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय, गोरखपुर

☎ : 0551-2334549
: 09792987700
e-mail : dnpggkp@gmail.com
website : www.dnpgcollege.edu.in

दिनांक : 23.09.2023

प्रकाशनार्थ

दिनांक 23.09.2023 गोरखपुर। दिग्विजयनाथ स्नातकोत्तर महाविद्यालय, के समाजशास्त्र विभाग द्वारा परास्नातक विद्यार्थियों के लिए अभिविन्यास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए प्रो. अर्चना सिंह, प्रभारी, समाजशास्त्र विभाग ने कहा कि समाजशास्त्र एक ऐसा विषय है जो विद्यार्थी के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। समाजशास्त्र विषय उच्च शिक्षा के साथ ही प्रशासन एवं दूसरे अन्य महत्वपूर्ण क्षेत्र में भी अवसर उपलब्ध कराता है। वर्तमान सी.बी.सी.एस. प्रणाली विद्यार्थियों को सम्यक ज्ञान के साथ ही अच्छे अंक प्राप्त करने का अवसर प्रदान करता है। विद्यार्थी इस प्रणाली के साथ जुड़कर किस प्रकार व्यवस्थित शिक्षा ग्रहण करें, इस दिशा में उन्होंने सम्यक प्रकाश डाला।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. ओम प्रकाश सिंह ने कहा कि शिक्षा की प्रक्रिया सतत रूप से चलती रहती है। विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास हेतु राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 में अनेक प्रावधान किए गए हैं जिसमें सी.बी.सी.एस सिस्टम प्रमुख है। यह प्रणाली विद्यार्थियों को उनकी रूचि एवं योग्यता के आधार पर विषय चयन का अवसर उपलब्ध कराती है। विद्यार्थी को इस महाविद्यालय में एक शैक्षिक परिवेश मिला है जिसका उन्हें सदुपयोग करना चाहिए महाविद्यालय में विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास हेतु विभिन्न प्रतियोगिताएं समय–समय पर आयोजित होती रहती हैं जिसके द्वारा यहां के विद्यार्थी सतत रूप से विकास कर सकते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को उनके पाठ्यक्रम, क्रेडिट सिस्टम, ओपन इलेक्टिव सब्जेक्ट तथा मूल्यांकन प्रक्रिया के अंतर्गत असाइनमेंट, प्रोजेक्ट आदि के विषय में विस्तार पूर्वक बताया।

कार्यक्रम का संचालन डॉ. सुनील कुमार सिंह एवं आभार ज्ञापन डॉ. सरिता सिंह ने किया। इस अवसर पर विभागीय शिक्षक श्री विवेकानन्द, आशुतोष के साथ ही समस्त विद्यार्थी उपस्थित रहें।

(डॉ.) सुनील कुमार सिंह
सह–प्रभारी, सूचना एवं जनसम्पर्क